Regarding need to expedite Panchdeori-Bhatni Rail Line Project in Bihar- laid

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : मेरे अतारांकित प्रश्न संख्या 494 दिनांक 05-02-2020 के दिये गये जवाब के अनुसार गोपालगंज जिला में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली हथुआ-भटनी नई लाइन परियोजना (79.64 किमी) चालू है । परियोजना की नवीनतम प्रत्याशित लागत 770.08 करोड़ रु. है । मार्च, 2019 तक 277.13 करोड़ रु. का खर्च किया जा चुका है । हथुआ -पंचदेओरी खंड (31 किमी) को यातायात के लिए खोल दिया गया है । शेष 48.64 किमी पर कार्य को भूमि (बिहार के गोपालगंज जिला में 36.00 किमी और उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में 12.64 किमी) उपलब्ध न होने के कारण रोक दिया गया है । बिहार राज्य में पंचदेओरी-भौरे (36 किमी) खंड में 333 एकड़ और उत्तर प्रदेश के देवरिया में 101.13 एकड़ के लिए भूमि अधिग्रहण संबंधी प्रकिया शुरू कर दी गई है यह बताया जा रहा है । लेकिन Rule 377 (2024/W-1/NER 377/05) के उत्तर में यह बताया गया है कि भूमि अधिग्रहण में विलम्ब के कारण परियोजना के शेष खंड {पंचदेवरी-भटनी (49 किमी)} को बंद करने का निर्णय लिया गया है । अतः मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि पंचदेवरी-भटनी रेल लाइन को यथा-शीघ्र शुरू किया जाए तथा आर्थिक स्वीकृति देकर काम को पूरा किया जाये ।